राज्यपाल सचिवालय,
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की रमजान पर मुबारकवाद

रमजान पर घरों से ही करें इबादत – राज्यपाल

जयपुर, 22 अप्रेल । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रमजान की प्रदेशवासियों को मुबारकवाद दी है। श्री मिश्र ने मुस्लिम लोगों का आव्हान किया है कि वे रमजान के मुबारक मौके पर घरों से ही इबादत करें। उन्होंने कहा कि अल्लाह ताला से गुजारिश करें कि कोरोना वैश्विक महामारी से देश और प्रदेश को जल्दी ही निजात मिले और फिर से सभी जगह खुशहाली आये ।

राज्यपाल ने मुस्लिम लोगों से अपील की है कि घर पर रहकर ही इस उत्सव को सादगी से मनाये। उन्होंने कहा कि सोशल डिस्टेसिंग अवश्य रखें। राज्यपाल ने बुधवार को वीडियो कान्फ्रेस के माध्यम से अजमेर दरगाह की अंजुमन समिति के सैयद एनुद्दीन चिश्ती सहित खादिमों को रमजान के मौके पर घर से इबादत करने का पैगाम दिया।

राज्यपाल ने कहा कि रमजान पवित्र महिना है। उन्होंने कहा कि एक जगह अधिक लोग इक्ट्ठे न हो। सोशल डिस्टेसिंग रखें। राज्यपाल ने कहा कि गरीब नवाज के द्वार से खादिमों ने घर से इबादत करने का जो प्रण लिया है, उसका सभी पालन करें। श्री मिश्र ने कहा कि प्रदेश को जल्दी ही कोरोना मुक्त करने की हम सभी की प्रार्थना को गरीब नबाज अवश्य स्वीकार करेंगे।

पृथ्वी दिवस

संसाधनों के संतुलित उपयोग का संकल्प लें –राज्यपाल

जयपुर, 22 अप्रेल । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पृथ्वी दिवस पर संसाधनों के संतुलित उपयोग करने का संकल्प लेने के लिए लोगों का आव्हान किया है। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि इस बार यह एक बहुत ही विशेष दिवस है क्योंकि कोरोना विश्वव्यापी महामारी ने हम सबको पृथ्वी के संसाधनों के बारे में एवं इनकी क्षमता के बारे में नई तरह से सोचने को मजबूर किया है।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि इस धरा पर मानव जीवन के एवं अन्य सभी जीवों के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए पृथ्वी के संसाधनों का बहुत ही संतुलित उपयोग करने की हम सभी को सीख लेनी होगी। संसाधनों के उपयोग की गति बहुत अधिक बढ चुकी है। ऐसे में हमें उन सभी विकल्पों पर विचार करना होगा और उन्हें अपने जीवन में गहराई से अपनाना होगा, जिनके माध्यम से हम पृथ्वी की क्षमता का संरक्षण कर सकें ताकि यह धरा अनवरत काल तक हमारे जीवन को बनाए रख सके।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, जनसम्पर्क,
राज्यपाल, राजस्थान